आकाशवाणी चंडीगढ़

7 जून 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

- प्रधान मंत्री नरेन्द्रमोदी ने किसानो के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- ब्रिक्स देशो ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की।
- हरियाणा के मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी ने गरीब , श्रमिक और वंचित वर्ग को देश की असली ताकत बताया और कहा की इन वर्गों का भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने संगरूर में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींडसा के परिवारजनों से मुलाकात की और पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।
- श्री नायब सिंह सैनी ने कहा की पंजाब के लोग भी हरियाणा की तरह विकास और सुविधाएं चाहते है।

-----------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है एनडीए सरकार के केंद्र में 11 वर्ष पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि है सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसने की सेवा की है प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मृदा स्वास्थ्य है और सिंचाई जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ |

-----------------------------------------------------------------------------------------

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत ने कानून के शासन, वैश्विक सहयोग और विश्व मंच पर वार्ता की जरूरत का हमेशा समर्थन किया है। ब्राजील के ब्रासिलिया में ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक के बाद श्री बिरला ने बताया कि ब्रिक्स देशों के बीच संसदीय सहयोग मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की।

*ब्रिक्स सम्मेलन की समिट का आज अंतिम डिक्लेरेशन हुआ और अंतिम डिक्लेरेशन में ब्रिक्स देशों ने माना कि आतंकवाद के खिलाफ हमें सामूहिक लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने भारत में*

*22 अप्रैल को पहलगाम कश्मीर में हुई आतंकवादी घटना की निंदा की और साझे प्रयासों से मिलकर आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति बनानी चाहिए। भारत के प्रधानमंत्री जी ने भी विश्व के देशों का आह्वान किया था कि सभी विश्व के देशों को आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति बनानी चाहिए।*

श्री बिरला ने बताया कि अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत में आयोजित होगा।

---------------------------------------------------------------------------------------------

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है भारतीय किसानों के सशक्तिकरण पर यह विशेष रिपोर्ट-

*पिछले ग्यारह वर्षों में, देश का कृषि क्षेत्र एक मौन क्रांति का गवाह रहा है। इसके पीछे "बीज से बाजार तक" के दृष्टिकोण की प्रेरणा रही है। कृषि में सरकार का बजट आवंटन लगभग पांच गुना बढ़ा है। 2013-14 में यह 28 हज़ार करोड़ रुपये था जो 2024-25 में एक लाख 37 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन लाख 70 हजार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि 11 करोड़ किसानों तक सीधे पहुंचाई गई हैं। किसानों के लिए वित्तीय सुरक्षा में भी सुधार हुआ। किसान क्रेडिट कार्ड योजना ने 10 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया, वहीं, फ़सल बीमा योजना से लगभग 20 करोड़ किसानों को लाभ हुआ है, जिनके एक लाख 75 हजार करोड़ रुपये के फ़सल बीमा दावों का निपटान किया गया। गेहूं, धान, दलहन और तिलहन जैसी प्रमुख फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में भारी बढ़ोतरी हुई है। सोलर पंपों के लिए पीएम-कुसुम और प्राकृतिक खेती मिशन जैसी योजनाओं से कृषि क्षेत्र में मजबूती और स्थिरता को बढ़ावा मिला। पीएम कृषि सिंचाई योजना और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना ने सिंचाई और मृदा उत्पादकता को मजबूत किया है। किसानों को आधुनिक उपकरणों और वैज्ञानिक जानकारी के साथ सशक्त बनाया है। सरकार ने संबद्ध क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया है। दूध उत्पादन में 63 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इससे भारत दुनिया का शीर्ष डेयरी उत्पादक बन गया है और दुग्ध उत्पादन से जुडें 8 करोड़ से अधिक किसानों को लाभ हुआ है। मछली पालन में, भारत का उत्पादन दस वर्षों में लगभग दोगुना हो गया है। इससे ग्रामीण आजीविका और तटीय समृद्धि को*

*बढ़ावा मिला। आज, भारतीय किसान केवल एक कृषक नहीं है, अब वह राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान भी दे रहा है। शशांक कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश की असली ताकत गरीब, श्रमिक और वंचित वर्ग के लोग हैं। यह लोग अपने पसीने और मेहनत से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में अपने निवास पर प्रदेशभर से आए वंचित अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में इन मेहनतकश वर्गों को जो सम्मान और अधिकार दिए हैं, वह कांग्रेस कभी नहीं दे पाई। कांग्रेस ने हमेशा अपने परिवार के हितों को प्राथमिकता दी और आम जनता, समाज और देश की चिंता नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा –

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा राष्ट्र को दिया गया संविधान लोकतंत्र की मूल आत्मा है। लेकिन दुर्भाग्यवश, कांग्रेस पार्टी ने डॉ. अंबेडकर को कभी सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आज वंचित अनुसूचित जाति समाज को उसका अधिकार और सम्मान मिल रहा है। हाल ही में जो लगभग 3,500 भर्तियों की घोषणा हुई है, उसमें 605 पद इसी वर्ग के लिए और 604 पद अन्य अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित हैं। यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक सशक्त कदम है।इस अवसर पर समाज के लोगों ने आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को 11 जून को सिरसा में मनाई जाने वाली संत कबीर जयंती के लिए निमंत्रण भी दिया।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज पंजाब के संगरूर में पूर्व केंद्रीय मंत्री सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा के परिवारजनों से पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा का एक लंबा राजनीतिक सफर रहा है। वे विधायक भी रहे, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य भी रहे तथा पंजाब में भी उन्होंने मंत्री के रूप में जनसेवा का दायित्व निभाया। वे बड़े कद्दावर नेता थे। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने

वाहेगुरु से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिवार को  दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज संगरूर में पंजाब के लुधियाना पश्चिमी के उपचुनाव पर कहा। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा –

श्री नायब सिंह सैनी ने उप चुनाव लड़ रहे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार जीवन गुप्ता के पक्ष में मतदान का आह्वान करते हुए कहा कि पंजाब के लोग भी हरियाणा की तरह सुविधाएं चाहते हैं।